# बेशकीमती सागौन की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार, वाहन भी किया जब्त




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व वनमण्डल छिंदवाड़ा अंतर्गत वन संरक्षक मधु व्ही राज के निर्देशानुसार एवं वनमण्डलाधिकारी एल.के. वासनिक व उपवनमंडलाधिकारी भारत सोलंकी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र छिंदवाड़ा अंतर्गत रात्रि गस्ती के दौरान सिल्लैवानी क्षेत्र मे तेलियापठार ग्राम के समीप बोलेरो (पिकअप) एम.पी.-28 जी 0903 मे 12 नग =1.041 घ.मी. एवं वनोपज का मूल्य 62319.00 रुपए मूल्य के सागोंन लट्ठा उमरानाला के समीप दुर्गूढाना से तेलिया पठार रोड पर जप्त किया गया एवं वाहन के साथ एक मुल्ज़िम जो वाहन मालिक रामकुमार पिता बलवंतराव धारे उम्र 33 साकिन-कोड़ामऊ को भी पकड़ा गया तथा एक आरोपी मौके से भाग निकला। यह सागौन चांद या बिसापुर जाने की बात आरोपी द्वारा बताई गई जो कि स्पष्ट नहीं हो सकी है। बता दें कि इस तरह के वन माफियाओं का खेल चल रहा था जिसे वन परिक्षेत्राधिकारी छिन्दवाड़ा पूर्व वनमण्डल ने धर दबोचा।

# छिन्दवाड़ा की शोध विशेषज्ञ बेटी का व्याख्यान जर्मनी में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा की हिन्दी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. टीकमणि पटवारी जर्मनी की हेडेलबर्ग यूनिवर्सिटी के दक्षिण एशियन संस्थान में पहाड़ियों पर उपचार भारतीय जनजातीय संस्कृति और उनकी उपचार पद्धतियां शीर्षक से विश्व चिकित्सा विज्ञान के बैनर तले अपने शोध पत्र पर पातालकोट घाटी में भारिया जनजाति की उपचार पद्धति पर केंद्रित शोध पत्र पर व्याख्यान देंगी।

उपचार एक समग्र प्रक्रिया है जो पारिस्थितिक सद्भाव रिवाज और सन्निहित ज्ञान से जुड़ी रहती है। बीमारी की उत्पत्ति की प्रमुख वजह मानव के भावनात्मक गठन, वंश डी.एन.ए. और प्रकृति के बीच असंतुलन है। प्रो. पटवारी का नृवंशविज्ञान आधारित आख्यान इनके अन्त:संबंधों और व्यक्ति के स्वस्थ होने की सांस्कृतिक समझ पर केंद्रित है। पुरस्कार प्राप्त लेखिका प्रो. पटवारी को मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में अपनी साहित्यिक और जनजातीय लोक पद्धति आधारित विशिष्ट शोध के योगदान के लिए जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रो. पटवारी के इस विश्व स्तर पर चयनित हुए शोध पत्र की वो विभिन्न स्तरों पर छंटनी हुई है। प्रो.



पटवारी की इस यशोमय उपलब्धि पर उनके पति नीलकंठ पटवारी एस.डी.ओ. कृषि छिंदवाड़ा, प्रो. धर्मेंद्र पारे, निदेशक जनजाति लोककला बोली विकास अकादमी भोपाल, पी.जी. कॉलेज प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा, हिन्दी के विभागाध्यक्ष प्रो. लक्ष्मीचंद एवं प्रो. राजेंद्र कुमार मिश्रा एवं प्रो. अमर सिंह के साथ समस्त परिजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## सार-समाचार

### आपातकाल की 50वी वर्षगांठ पर छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा जिले से 51 लोकतंत्र सेनानी सीएम हाउस 26 को जाएंगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के विशेष स्नेहल आमंत्रण पर लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र प्रहरी के 51 सदस्य 26 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगाठ के अवसर पर भोपाल प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी देते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश पोफ्ली अधिवक्ता ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले में प्रवास कार्यक्रम आयोजित किए गए है जिसके तहत् हर्रई, अमरवाड़ा, सिंगोड़ी में प्रवास सम्पन्न हो चुका है एवं आज पांढुर्णा जिले के सौसर, पांढुर्णा, पीपला, लोधीखेड़ा में लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष रमेश पोफ्ली, प्रदेश सचिव अजय औरंगाबादकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनदयाल मोहने एवं श्री कोल्हे जी पहुंचेंगे। इस वर्ष चूंकि आपातकाल को लगे 50 वर्ष पूर्ण हुए है इसी निमित्त लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रमुख सदस्य संभाग के विभिन्न जिलों में जाकर 25 जून को आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे एवं आपातकाल में क्या-क्या ज्यादतियां हुई उसको लेकर एवं जो कांग्रेस आज संविधान रक्षा की बात कर रही है उसी कांग्रेस के लोगों द्वारा उस समय संविधान का गला घोटा गया था सम्पूर्ण देश में अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर सम्पूर्ण विरोधी नेताओं एवं लोकतंत्र के सजग संगठनों के लोगों को जेलों में ठूसा था उन्हीं सारी बातों को लेकर अपनी बाते आयोजित कार्यक्रमों में रखेंगे।

इसी तारतम्य में छिंदवाड़ा लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष रमेश पोफ्ली अधिवक्ता जबलपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 25 जून को जबलपुर पहुंचेंगे और वहीं से 26 जून के भोपाल आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी कड़ी में छिंदवाड़ा से दीनदयाल मोहने पांढुर्णा जिले के सौसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने और आपातकाल की विस्तृत जानकारी देने पहुंचेंगे। श्री पोफ्ली ने आगे बताया कि सभी लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र प्रहरियों से विनम्र आग्रह है कि वे 25 एवं 26 के कार्यक्रमों में आवश्यक रूप से शामिल हो। लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला सचिव मोहन रोड़े, मधुकर पोफ्ली, विलास नरोटे, अशोक पोफ्ली, सुरेश विनोदे, राजेन्द्र राय, विनोद आठले, उपासराव अल्डक ने भी सभी सेनानी एवं प्रहरीयों से 26 जून के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भोपाल पहुंचने का आव्हान किया है ।

### थाना कुंडीपुरा पुलिस टीम ने अवैध गांजा तस्करी पर की कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ के विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। 21 जून 25 को कुण्डीपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि झिरी जमुनिया का रहने वाला गोविंद पिता बाबूलाल उसरेठे उम्र 62 साल अपने पास एक पारदर्शी पन्नी में पेपर के अंदर हरे रंग की पन्नी में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा लेकर यात्री प्रतिक्षालय बायपास रोड सारना में बैठा है एवं गांजा बेचने की फिराक में है जो तत्काल थाना प्रभारी कुण्डीपुरा करिश्मा चौधरी, चौकी प्रभारी धरमटेकडी अविनाश पारधी द्वारा टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर रेड कार्यवाही करने रवाना किया गया जो उक्त टीम द्वारा आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आरोपी के कब्जे से 642 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अप. क्र. 443/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# परासिया मुख्यमार्ग के किनारे लगे कचरे के ढेर, नहीं हो रहा उठाव



**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परासिया में सफाई कर्मचारियों की संख्या काफी है। लेकिन उसके बावजूद नगर के मुख्य मार्गों के किनारे सफाई की जैसी व्यवस्था बनना चाहिए नहीं बन पा रही है। रविवार को देखने में आया की नगर के मुख्य मार्गों के किनारे कचरे का ढेर लगा हुआ है। जबकि रविवार को बाजार का दिन होता है। जानकारी के अनुसार मान पेट्रोल पंप के सामने कचरे का ढेर लगा हुआ है, जो मुख्य मार्ग के ठीक किनारे हैं और यहां पर बाजार के दिन काफी तादाद में लोग अवागमन करते हैं। बाजार करने भी बड़ी तादाद में लोग आते हैं। वहीं पता चला है कि नगर के सौंदरीकरण के लिए नगर पालिका काफी राशि खर्च कर रही है लेकिन नगर के मुख्य मार्ग स्वच्छ और सुंदर नहीं हो पा रहे हैं। वही देखने में आ रहा है कि दूसरे नगरीय निकायों में मुख्य मार्गों के किनारे बारिश में भी सफाई कर्मचारी कचरा उठा रहे हैं, जिससे कि नगर स्वच्छ दिखाई दे। लेकिन इस मामले में नगर पालिका परासिया की लापरवाही सामने आ रही है। जो कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

## बलिदान दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रति वर्ष 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाजपा जिले के सभी बूथों पर 23 जून से उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और योगदान को बलिदान दिवस के रूप में याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा बलिदान दिवस कार्यक्रम हेतु पूर्व नगर निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी को जिला संयोजक तथा दिवाकर सदारंग, संजीव रंगू यादव एवं राकेश माइकल पहाड़े को सह संयोजक नियुक्त किया गया है की जानकारी दी है।

## जैन मंदिर में मनाया गया विश्व योग दिवस



**परासिया, देशबन्धु।** विश्व योग दिवस के अवसर पर चादांमेटा जैन मदिंर के प्रांगण में अरहम ध्यान योग संस्था द्वारा योग करवाया गया जिसमें समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं परियोजना अधिकारी व जैन समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर योग किया जिसमें अरहम ध्यान योग कि प्रशिक्षित श्रीमती संगीता बनारसी, श्रीमती वंदना जैन, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती अर्चना सिंधई द्वारा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं जैन समाज की महिलाओं को योग करना सिखाया एवं स्वस्थ शरीर के लिए योग कितना महत्वपूर्ण है इस पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर पुष्पा जैन, संगीत जैन, सोनू जैन, अरूणा जैन, संगीता जैन, स्नेहा जैन, मेघा जैन, सीमा जैन आदि उपस्थित रहे एवं योगाचार्य एवं उसमें भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## खाटू श्याम विशाल संध्या का भव्य आयोजन 27 जून को



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रद्धा, भक्ति और संगीत से सराबोर एक अनुपम आध्यात्मिक संध्या का आयोजन ग्राम मोठार में 27 जून, शुक्रवार को होने जा रहा है। श्री खाटू श्याम जी की विशाल भजन संध्या में जिले के ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी स्वरांजलि से बाबा श्याम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे।


कार्यक्रम आयोजक अखिल अजय सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष आयोजन में साक्षी एवं खुशी पाठक (पाठक सिस्टर्स) सुप्रसिद्ध देवी गीत व खाटू श्याम भजन गायिका आकाश नागवंशी, युवा एवं लोकप्रिय भजन गायक अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में डुबो देंगे, डॉ. संजय सोहागपुरे भजन गायक रहेंगे।

### कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं

बाबा श्याम की भव्य ज्योत प्रज्वलन इत्र वर्षा से सुगंधित वातारण 56 भोग का दिव्य भोग दर्शन एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि समय पर पधारें और इस भक्ति संध्या का लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम बाबा श्याम प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव होगा।

## आपातकाल क्रूरता की मिसाल : दीनदयाल मोहने लोकतंत्र सैनानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाराष्ट्र की समाजवादी नेता मृणाल गोरे को पागलों के बीच रखा गया। महिला बंदियों के साथ अपशब्द कहना, आम बात थी। जो नेता अंडरग्राउंड हो गए थे उनकी पता-साजी के लिए संदेह के आधार पर क्या बूढ़े, क्या बच्चें, क्या महिलाएं किसी को भी थाने में बंद कर उनकी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रताड़ित करना, मारना, पीटना,



भूखे रखना, उनके लिए अश्लील शब्दों को प्रयोग करना कोई नई बात नहीं थी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर रघुवंश जिनके दोनों हाथ काम नहीं करते थे। वे 2 किलो का वजन भी उठाने की ताकत नहीं रखते थे। बौराई इंदिरा सरकार को शर्म नहीं आई, ऐसे अपंग और सम्मानित व्यक्ति पर रेल की पटरियां उखाड़ने का आरोप लगाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिन्दवाड़ा की हुई बैठक




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी भवन मोहन नगर छिंदवाड़ा मे रविवार को लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा की एक साधारण सभा की बैठक बुलाई गई जिसमें नवनियुक्त जिला अध्यक्ष किशोर सांवले द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त कर्मचारियों से विचार विमर्श एवं सहमति से नई जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों ब्लॉक तहसील अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया एवं कुछ प्रस्ताव प्रधान कार्यालय भोपाल भेजने के लिए सहमति बनी जिसमें मुख्य रूप से रसोईया बहनों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समान ड्रेस उपलब्ध करवाना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के समान रसोईया बहनों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को भी बढ़कर 65 वर्ष करने पर सहमति बनी जिसका प्रस्ताव बनाकर प्रधान कार्यालय भोपाल भेजना निश्चित किया गया आगामी समय में तहसील और ब्लॉकों में भी बैठक कर रिक्त पदों को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के संरक्षक बालराम परतेती मार्गदर्शक नारायण ढकने, सलाहकार काशीराम शुक्ला, संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कपाले, मणेश लाल वंशकार, जमाई अध्यक्ष नवलकिशोर महरौलिया, सुरेश खेरवाड़ी सगरलाल नागवंशी, आनंद सिंगारे एवं बड़ी संख्या में विभिन्न ब्लॉकों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रसोईया बहने उपस्थित रही।

## जय भीम सेना सामाजिक संगठन और आबीसी महासभा की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन, ओ.बी.सी. महासभा के साथियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसको जिले में हो रहे अनुसूचित जाति, जनजाति के वर्गो के साथ शोषण, अन्याय, अत्याचार के खिलाफ इन वर्गों की पुलिस विभाग द्वारा बार-बार आवेदन निवेदन देने पर भी निष्पक्ष जॉच करवाकर एफ.आई.आर. दर्ज तक नहीं की जा रही है जिसके विरोध में जयभीम सेना संगठनों सहित अन्य संगठनों के साथ आने वाले 26 जून दिन गुरूवार दोपहर 12 बजे आम्बेडकर तिराहा परासिया रोड छिन्दवाड़ा में एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन कर न्याय की माँग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। उसके पश्चात् प्रदेश के राज्यपाल के नामे ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से शिवम् पहाड़े, लोधी विपिन वर्मा, गणपत यदुवंशी, राजकुमार खडसे, दिनेश इवनाती, पप्पू मण्डराह, मदन बरखाने, बबलू कनौजे, राजा गुन्हेरे, ए.के. डोंगरे, मेहताब डोले, महेश खातरकर, सुरेश डोंगरे, रोहित मिनोटे, मनोज अहरवार, भरत बिझांडे, राकेश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद विवेक बंटी साहू ने गलघोटू रोग से पीड़ित बच्चों से की मुलाकात





## गलाघोटू बीमारी से दो की मौत से मचा हड़कम्प

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तामिया के दलेलढाना निवासी काकोड़िया परिवार के बच्चों में फैली गलघोंटू बिमारी से पीड़ित दो बच्चों का इलाज जिला चिकित्सालय के पी.आई.सी.यू. में चल रहा है। काकोड़िया परिवार के दो बच्चों का इसी बीमारी से निधन हो गया है। उक्त मामले की जानकारी लगते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुए रविवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर यहा स्थित पी.आई.सी.यू. में भर्ती दो बच्चों से मुलाकात की।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने दोनों बच्चों 14 वर्षीय सपना काकोड़िया व 10 वर्षीय अंगित काकोड़िया और उनके परिजनों से बात करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पीआईसीयू में मौजूद चिकित्सक और नर्सिंग स्टॉफ से बच्चों को दिये जाने वाले इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों को बेहतर इलाज दिये जाने के लिए कहा।

इस दौरान चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ ने सांसद श्री साहू को बताया कि दोनों बच्चों को बेहतर इलाज दिया जा रहा हैं। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा डिप्थीरिया वायरस से निपटने में कारगर डीएटी (डिप्थीरिया एंटी टॉक्सिन) इंजेक्शन नागपुर से बुलाकर बच्चों को लगाया गया है ताकि बच्चों को वायरस से निजाद मिल सके। ग्राम में दलेलढाना में स्वास्थ्य टीम को भेजकर गांव में निवास करने वाले बच्चों एवं ग्रामीणों की भी जांच की गई हैं। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजन डॉ. कृष्ण हरजानी, जिला रोगी कल्याण समिति के सदस्य चंद्रकुमार चंदू जैन सहित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित था।

छाया- शेख अल्फाज

# जल आवर्धन योजना के पाइप लाइन विस्तार में लापरवाही का आरोप

**पालाचौरई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से घरों घर तक पेयजल के लिए पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। इस पाइप लाइन विस्तार कार्य में कहीं ना कहीं ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिसकी वजह से अभी तक पंचायत क्षेत्र के अधिकतर वार्डों के घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंचाई गई है और पाइप लाइन के माध्यम से ग्रामीणों के घरों तक पानी भी नहीं पहुंच पाया है। इसके अलावा पाइप लाइन विस्तार कार्य के दौरान सड़क नाली एवं घरों के आगन को खोदा गया और इनमें सही तरीके से कांक्रीट का कार्य नहीं किया गया जिसकी वजह से दो-चार दिन की बरसात में ही अधिकतर जगह कांक्रीट बह गया और खोदी गई नालियों में भी बारिश का पानी भरने से छोटे-छोटे गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा अधिकतर घरों के पास पाइप स्टैंड भी नहीं बनाए गए। जिसकी वजह से अधिकतर ग्रामीणो को इस योजना का लाभ मिल पाएगा या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, इसके अलावा अधिकतर जगहों पर गुणवत्ताहीन एवं घाटियां चेंम्बर का निर्माण किया गया था जिसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा पीएचई विभाग से शिकायत की गई थी तब ठेकेदार के द्वारा उन चेंबर की लीपापोती कर सुधार कार्य किया गया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा पी.एच.ई. विभाग से शिकायत भी की गई अब देखना है कि विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेकर जांच वा कार्यवाही करता है।



## सार-समाचार

### साप्ताहिक यज्ञ के बाद सोनाखार गुरुकुल में किया गया पौधरोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोनाखार गुरुकुल में साप्ताहिक यज्ञ एवं गीता पाठ के बाद एक पौधा मां के नाम पर सदस्यों ने किया पौधारोपण जिसमें गुरुकुल के आचार्य ओम देव शास्त्री, हेमंत पटेल, अजय बाजपेई, श्रीमती कमलेश विश्वकर्मा, नितेश सैनी, अजीत बाजपेई, श्रीमती विजया शर्मा, संतोष भूले, पूजा बाजपेई, आरोही बाजपेई, अन्यया बाजपेई, मारुति लोमटे एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत पालाचौरई कार्यालय भवन में पेसा एक्ट शांति एवं विवाद निवारण समिति की हुई बैठक

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** पेसा एक्ट शांति एवं विवाद निवारण समिति की बैठक ग्राम पंचायत पालाचौरई कर्यालय भवन में की गई। इस बैठक का उद्देश्य वार्ड क्रमांक 4 मोक्षधाम क्षेत्र के आसपास निवासरत गरीब मजदूर जिन्हें प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया गया एवं प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य भी किया गया लेकिन इन दर्जनों गरीब ग्रामीण मजदूरो के आवास से सटकर ही शासकीय भूमि पर कुछ रसूखदार लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया गया है। गरीब मजदूरों की समस्या के निराकरण के लिए बैठक की गई एवं इस समस्या को लेकर शनिवार को एस.डी.एम. व तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया तब मामले को देखते हुए पटवारी सत्यभान कुशवाह, पालाचौरई पंचायत पहुंचकर पेसा एक्ट समिति के पदाधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया एवं जांच मे पाया कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा गरीब मजदूर वर्ग के लोगों के आवास से सटकर अतिक्रमण कर फेंसिंग लगाई गई जिसकी वजह से वह शौचालय का निर्माण नहीं कर पा रहे एवं बाहर सौंच को जाने पर मजबूर हैं वही पानी निकासी के लिए नाली निर्माण भी नहीं कर पा रहे जबकि यह भूमि शासकीय है जिन पर इन रसूखदारो के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिसे देखने के बाद पटवारी के द्वारा अतिक्रमणकारी कचरू नागले सहित अन्य को शासकीय भूमि से कब्जा हटाने को लेकर कार्रवाई की गई। तब फसल कटने के बाद अतिक्रमण स्वयं हटा लेना की बात अतिक्रमणकारी के द्वारा की गई।

इस अवसर पर सरपंच मुकेश उईके, कमलेश उईके, प्रताप उईके, ग्राम पटेल रामचंद्र पवार, सीताराम उईके, मोबिलाइजर लता उईके, राजाराम विश्वकर्मा, मेहरबान कुमरे, रघुवीर उईके, कचरू नागले, धांधू पवार, दशरथ इवनाती सहित पेसा एक्ट शांति एवं विवाद निवारण समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।





# चौरसिया महिला समिति नाग पंचमी पर करेगी प्रतिभाओं का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चौरसिया महिला समिति जो नाग पंचमी को चौरसिया दिवस मनाती है उसी दिन महिला समिति प्रतिभाओं का सम्मान करने जा रही है।

इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि चौरसिया महिला समिति नाग पंचमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम 28 एवं 29 जुलाई को करेंगी जिसमें हरियाली महोत्सव भजन एवं रामायण, 29 तारीख को सामाजिक भोज एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा, महिला समिति की अध्यक्ष रक्षा मुकेश चौरसिया ने बताया कि कार्यक्रम चौरसिया मंगल भवन में आयाजित होगा।

बैठक में आशा रामकृष्ण, किरण अनिल, रेणुका मुन्ना लाल, संगीता घनश्याम, स्मिता हेमेंद्र, कल्पना नरेंद्र, कविता सुरेश, शालिनी विपिन, सविता नीरज, रुचिका आशीष, संध्या ओमप्रकाश, पश्मा गौरव, माधवी भुवन लाल, अनुसुइया, ज्योति, पुष्पा, सुधा, मधु, रूबी, निधि, संगीता, मनी, नीलू, ज्योति नरेंद्र एवं अन्य महिलाऐं उपस्थित थी।



# संतों के सानिध्य में निकलेगी दिंडी यात्रा

## बैठक में आनंद बक्षी ने बताई यात्रा की रूपरेखा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आषाढ़ी एकादशी देवशयनी ग्यारसद्ध के पावन अवसर पर भगवान श्री विट्ठल-रुक्मिणी के चरणों में समर्पित भव्य दिंडी यात्रा एवं संत समागम के आयोजन को लेकर शिव गजानन मंदिर, विवेकानंद कॉलोनी में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह विशाल दिंडी यात्रा आगामी 6 जुलाई 2025, दिन रविवार को आयोजित की जाएगी।

इस शुभ अवसर पर गजासीन शनि धाम, इंदौर के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज, श्री गणेश मठ बिछुआ के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोनी तथा प्रसिद्ध कीर्तनकार चिंतामण गुरवे का दिव्य सानिध्य प्राप्त होगा।

बैठक की अध्यक्षता जयदेव राउत ने की। संयोजक आनंद बक्षी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रात: 11:00 बजे दिंडियों का एकत्रीकरण होगा, दोपहर 12:00 बजे भव्य महाआरती, दोपहर 1:00 बजे दिंडी यात्रा प्रारंभ होगी, दोपहर 1:30 बजे शिव गजानन मंदिर में मुख्य कार्यक्रम एवं संत प्रवचन होंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस पावन दिंडी यात्रा में पुरुष भक्त हेतु सफेद वस्त्र एवं महिला भक्तों हेतु लाल वस्त्र धारण करके सम्मिलित होगी। बैठक में मार्गदर्शन सुरेश सालोडकर एवं जयंत सिरपुरकर द्वारा दिया गया। रामराव कराडे एवं हेमंत वर्मा ने कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।आभार प्रदर्शन रामकुमार सोनी द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

इस बैठक में जिला तिरोले कुनबी समाज, लोणारे कुनबी समाज, सच्चिदानंद सेवा समिति, श्री महाराष्ट्र मंडल, श्री छत्रपति शिवाजी महाराष्ट्र मंडल, श्री विप्र महाराष्ट्र मंडल, क्षत्रिय पवार समाज, क्षत्रिय मराठा समाज, वीर शैव लिंगायत समाज, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज, महाराष्ट्रीयन नावहिं समाज, कुंभकार प्रजापति समाज, माली समाज, मांग मातंग समाज, महाराष्ट्रीयन तैलीक समाज, रेणुका महिला मंडल एवं बगलामुखी माता मंदिर समिति बरारीपुरा, राजराजेश्वरी मंदिर समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

गजानन गुणगान मंडल ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन दिंडी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पुण्यलाभ अर्जित करें।



# अमरवाड़ा-हर्रई को मिली रोशनी की नई राह

## अति उच्च दाब केन्द्र ने बिजली आपूर्ति में बढ़ाई मजबूती






**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के हर्रई-अमरवाड़ा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। टी.सी.टी.बी. योजना के अंतर्गत हर्रई में स्थापित अति उच्च दाब उपकेंद्र ने न केवल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया है, बल्कि किसानों के जीवन में भी नई उम्मीदें जगाई हैं।

बीते वर्षों तक हर्रई-अमरवाड़ा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था कई जटिलताओं से जूझती रही। अमरवाड़ा से होकर गुजरने वाली 33 के.वी. लाइन के माध्यम से हर्रई, स्वामी सलैया और रातामाटी जैसे गांवों में बिजली पहुंचाई जाती थी। यह लाइन घने जंगलों से होकर गुजरती थी, जिससे नियमित मेंटेनेंस संभव नहीं हो पाता था और वोल्टेज की अनियमितता आम बात बन चुकी थी। समस्या के समाधान के लिए नरसिंहपुर जिले से वैकल्पिक आपूर्ति की जाती थी, लेकिन वह भी स्थानीय नियंत्रण में नहीं होने के कारण पूरी तरह भरोसेमंद नहीं थी।

अब नव-निर्मित अति उच्च दाब उपकेंद्र के माध्यम से संपूर्ण क्षेत्र को स्थानीय स्तर पर नियंत्रित, मजबूत और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिल रही है। क्षेत्र के सभी उपकेंद्रों को इस उपकेंद्र से पृथक फीडरों के माध्यम से जोड़ा गया है, जिससे हर गांव तक आवश्यकतानुसार सुचारु रूप से बिजली पहुंच रही है। इससे ट्रिपिंग की समस्या में कमी आई है और रात-दिन बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी है।

इस बदलाव का सबसे सीधा और गहरा असर किसानों पर पड़ा है। पर्याप्त वोल्टेज और निरंतर आपूर्ति मिलने से किसानों को मोटर जलने जैसी समस्याओं से मुक्ति मिली है। खेतों की सिंचाई अब समय पर हो रही है और खेती में लागत घटने के साथ उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखी गई है। यही नहीं हर्रई और बटकाखापा जैसे क्षेत्रों में भी दो और फीडरों का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिससे आने वाले समय में और भी गांव इस सुविधा से जुड़ सकेंगे। यह परियोजना हर्रई-अमरवाड़ा क्षेत्र के लिए विकास का नया आधार बनकर उभरी है, जिससे गांवों में उजाला ही नहीं, विश्वास भी लौटा है।



# दिनभर हुई बारिश से मौसम हुआ खुश नुमा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में लगातार हल्की फुहार धीमी गति से हुई दिन भर बरसात से जहां मौसम पूरी तरह से खुशनुमा हो गया है तो वहीं किसानों के लिए बोनी करने के लिए अच्छा समय है साथ ही जिन किसानों ने मक्के की बोनी कर चुके है उनके लिए मानो हल्की फुहार वाली बारिश अमृत साबित हो रही है।

# सिकल सेल के नि:शुल्क हौम्योपैथी चिकित्सा शिविर में शामिल हुए सांसद विवेक बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिकल सेल की बीमारी को कम करने में हौम्योपैथी चिकित्सक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश से सिकल सेल की बीमारी को पूरी तरह खत्म करना है। इसी उद्देश्य को लेकर पूरे देश सहित छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में भी लगातार नि:शुल्क शिविर आयोजित कर सिकल सेल रोगियों को चिन्हित करते हुए उनका बेहतर इलाज किया जा रहा हैं। यह बात पूजा लॉज में हौम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन छिन्दवाड़ा के सहयोग से सिकल सेल रोगियों के लिए नि:शुल्क हौम्योपैथी चिकित्सा शिविर के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि चिकित्सकों को भगवान का रूप माना जाता है। वे निरंतर अपनी सेवाएं देकर मरीजों का बेहतर इलाज कर रहे है। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा में सिकलसेल के रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिसका परिणाम भी हमें देखने को मिल रहा हैं।



**शिविर में पहुंचे 380 मरीज**-पूजा लॉज में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के दौरान 380 मरीजों का पंजीयन किया गया। हौम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सपना साहू ने बताया कि शिविर में 214 सिकल सेल मरीजों का उपचार किया गया। वही 52 अन्य मरीजों की भी जांच की गई। 32 मरीजों की एच.पी.एल.सी. जांच हुई वहीं 4 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 7 लोगों की आभा इाईडी एव दो लोगों के यूडीआईडी के लिए पंजीयन किया गया।